

प्रेम विस्तार है, स्वार्थ संकुचन है। इसलिए प्रेम जीवन का सिद्धांत है। वह जो प्रेम करता है जीता है, वह जो स्वार्थी है मर रहा है। इसलिए प्रेम के लिए प्रेम करो, योंकि जीने का यही एक मात्र सिद्धांत है, वैसे ही जैसे कि तुम जीने के लिए सांस लेते हो।

स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

वर्ष 8+16 अंक 63
प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल
yasonati@gmail.com
सिवनी मंगलवार 07 नवंबर 2023
संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com एप डाउनलोड करें

पृष्ठ-3 बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

एक समाज को खुश करने बुधवारी तालाब में अबैध निर्माण करा रहे है नपा अध्यक्ष

सिवनी यशोः- कांग्रेस पार्टी गरीबो को परेशान करने और उनके व्यापार पर कुठाराघात करने और उनका शोषण करने की आदी हो चुकी है ।सिवनी नगर पालिका में कांग्रेसी अध्यक्षीय परिषद के अध्यक्ष शफीक खान एक समाज विशेष को खुश करने के लिये जिस घटिया मानसिकता से काम कर रहे है उससे नगर की जनता की भावनाएँ आहत तो ही हो रही है साथ ही बुधवारी तालाब की सुंदरता और मुछआ सहकारी समिति जो इस तालाब को लीज पर लेकर व्यापार करती है उसके व्यापारिक हित भी प्रभावित हो रहे है उक्ताशय की बात विवेकानंद वार्ड के पार्षद राजेश राजू यादव ने प्रेस जारी विज्ञप्ति के माध्यम से कही ।

श्री यादव ने बताया कि नगर पालिका परिषद ने आचार संहिता जारी होने के कुछ घँटों पूर्व बुधवारी तालाब की पार पर बनी मजहार के चारो ओर बाऊंडरी बाल का निर्माण करने के आदेश जल्दबाजी दिखाते हुये जारी केवल इस लिये कर दिये कि कांग्रेस के नेताओं को एक समाज विशेष के वोटों का लालच है और यह आदेश इस तालाब से व्यापारिक हित वाले मछुआ मांझी समाज के लोगों को बिना विश्वास में लिये जारी किये है जिससे मछुआ सहकारी समिति के लोग परेशान है और इन्होंने तालाब में हो रहे अचैध निर्माण कार्य का विरोध भी दर्ज कराया है । श्री यादव ने बताया कि मछुआ सहकारी समिति मर्या. सिवनी के अध्यक्ष द्वारा मुख्यनगर पालिका अधिकारी सिवनी को तालाब में हो रहे अवैध निर्माण कार्य में रोक लगाने की मांग की है ।

श्री यादव ने आगे कहा कि बुधवारी तालाब में कुछ समय पूर्व बड़ी मात्रा में अज्ञात कारणों से मछलियाँ मर गयी थी जिस पर समिति द्वारा तालाब की साफ सफाई के लिये नगर पालिका से आग्रह किया गया था परंतु नगर पालिका के पास मछुआ मांझी समाज के हितों की ओर कोई ध्यान नहीं है और एक समाज विशेष को खुश करने के लिये नियमों को ताक पर रखकर काम किया जा रहा है ।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया एफएलसी कार्यों का अवलोकन

सिवनी यशोः- विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत रविवार 05 नवम्बर को जिला निर्वाचन अधिकारी क्षितिज सिंघल ने बींझावाडा स्थित ईवीएम गोडाउन में आयोजित हुई फर्स्ट लेवल ईवीएम चेकिंग के कार्य का अवलोकन किया। इस अवसर पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही प्रभारी अधिकारी एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत की उपस्थिति रही। एफएलसी उपरांत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति में ईवीएम गोडाउन को सील किया गया।

निर्वाचन कार्य से अनुपस्थित रहने पर एलडीसी कुशराम निलम्बित

सिवनी यशोः-कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया में प्रसारित विज्ञापनों एवं पेड न्यूज की निगरानी के लिए गठित एमसीएमसी कक्ष में पदस्थ किये गये मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के एलडीसी श्री रमेश कुशराम को अनाधिकृत रुप से ड्यूटी स्थल से अनुपस्थित रहने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री कुशराम का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय, सिवनी नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

जबरन नॉलेज

जीत में बदलना की चुनौती है काका हा हा हा .....

महिलाओं का भाजपा को जबरदस्त समर्थन - पाल

केवलारी विधानसभा में भाजपा को मिल रहा है मातृशक्ति का अभूतपूर्व समर्थन

सिवनी यशोः-केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने सोमवार को केवलारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक ग्रामों का तूफानी जनसंपर्क महिला मोर्चा की बहिनों के साथ किया । महिला मोर्चा की बहिनों के साथ क्षेत्रीय जनसंपर्क में श्री पाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने देश का गौरव बढाने का ऐतिहासिक काम पिछले दो कार्यकालों के दौरान किया है तो प्रदेश की शिवराज सरकार ने गांव गरीब की चिंता करते हुये मातृशक्ति के लिये प्रदेश में जबरदस्त काम किया है । कन्याओं के जन्म के साथ उनकी चिंता करते है और लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत उन्हें राशि प्रदान करते है, फिर शिक्षा के लिये, और मातृशक्ति को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिये उन्हें प्रतिमाह अभी 1250 रूपये प्रतिमाह दे रहे है आने वाले समय में उन्हें तीन हजार रूपये देंगे । इसके साथ ही उन्हें जननी सुरक्षा योजना सहित अनेक योजनाओं के माध्यम से सबल बनाने के प्रयास ने उन्हें प्रदेश की मातृशक्ति में लोकप्रिय की ऐतिहासिक ऊचाईयाँ प्रदान की है । प्रदेश की लाड़ली बहनों ने ठान लिया है कि प्रदेश में भाजपा की कल्याणकारी, महिला हितैषी, किसान हितैषी, गरीब कल्याण का सबल वाली सरकार बनायेंगे । लुटेरी कांग्रेस के झूठे और लालच में नहीं आयेंगे ।

केवलारी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह लगातार जनसम्पर्क कर स्थानीय लोगों से 17 नवम्बर को भाजपा के पक्ष में जोरदार मतदान करने अपील कर रहे हैं। जनसम्पर्क के दौरान उन्हें महिलाओं का जबरदस्त जनसमर्थन मिल रहा है। गांव की महिलाओं से राकेश पाल सिंह को जीत का आशीर्वाद मिल रहा है इतना ही नहीं उनके चुनाव प्रचार में महिला की अच्छी खासी संख्या देखी जा रही है।

जब हमने सरेखा गांव में महिलाओं से बात की तो महिलाओं का कहना था कि लाड़ली बहना योजना से क्षेत्र की महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण हुआ है। लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना , उज्जवला योजना , आयुष्मान योजना जैसी योजनाओं से अगर किसी को सबसे ज्यादा फायदा हुए हैं तो वह महिलाओं को हुआ है। इसलिए केवलारी समेत प्रदेश भर की महिलाएं भाजपा के पक्ष में मतदान करेंगी। अन्य महिलाओं का कहना था कि राकेश पाल सिंह के कार्यकाल में महिलाओं को क्षेत्र में आत्मसम्मान के हासिल हुआ है। कांग्रेस विधायकों के 28 सालों में केवलारी विधानसभा की जनता ने जो गुंडागर्दी देखी है वह क्षेत्र की महिलाएं कभी भूल नहीं सकती है। राकेश पाल सिंह के पांच साल के विधायक कार्यकाल में केवलारी विधानसभा के कांग्रेसी नेताओं और कार्यकर्ताओं की गुंडई खत्म हो गई है। इसलिए केवलारी विधानसभा की समस्त महिलाएं राकेश पाल के साथ है।

राकेश पाल सिंह के जनसम्पर्क अभियान में बड़ी तादाद में महिलाएं जुड़ रही है। राकेश पाल सिंह ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति के साथ केवलारी मंडल के सरेखा, मोहगांव, डोकररांजी, पनवास, परासपानी, अर्जुनझिर, देवझिर, कुहड़ा माल, कछारी,जामुनपानी, बगलई, झोला, भादूटोला, कालोनीखापा, कोहका, मलारा, खरसारू, खापा आदि गांव का दौरा किया।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीबो के हितों में अनेक योजनाएँ बनायी - मुनमुन

भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने बीजादेवरी मंडल अंतर्गत ग्रामों मे किया सघंन जनसंपर्क

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र और प्रदेश की सरकारे देश के समग्र विकास के साथ आम जनता के जीवन को सुखमय बनाने के लिये पूरी क्षमता और संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने गरीबो के हितों में अनेक योजनाएँ बनायी है और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोडने के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे है।उक्ताशय की बात सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने विधानसभा क्षेत्र के चमारी मंडल में चुनावी जनसंपर्क के दौरान व्यक्त किये। भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आदिवासी समाज के विकास और उत्थान के लिये जितनी चिंता की है पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने वैसी चिंता कभी नहीं की और भाजपा सरकारों ने जो काम किये है उससे आदिवासी समाज को अधिकार प्राप्त हुये उनके जीवन में बदलाव आया है। चमारी मंडल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की आम सभा में पहुँचे विशाल जनसमुदाय का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री जी ने गरीब कल्याण की योजनाओं के माध्यम से गरीबो के जीवन को खुशहाल बनने के संकल्प को दुहराया और आदिवासी समाज के गौरव का स्मरण कर आदिवासी समाज के प्रति भाजपा की पवित्र सोच का परिचय दिया है।

दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सिवनी की सभा में स्पष्ट कर दिया है कि वह गरीब कल्याण की योजनाओं को निरंतर जारी रखेंगे और प्रधानमंत्री गरीब अन्न योजना पाँच साल तक आगे भी जारी रहेगी। सरकार की इस योजना से देश के गरीबो का बड़ा हित सुनिश्चित होगा। श्री राय ने कहा कि आदिवासी गरीबो के हित भाजपा ही कर सकती है कांग्रेस तो गरीब कल्याण की योजनाएँ बंद करती है और भ्रष्टाचार घोटालों के माध्यम से अपनी तिजोरियाँ भरती है। इसके साथ ही श्री राय ने आमजनों से कहा कि भाजपा को वोट देना सुनिश्चित कर लें आपके हित और क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा।भाजपा प्रत्याशी श्री दिनेश राय मुनमुन ने आज प्रातः 09:00 बजे विधानसभा के भाजपा मंडल बीजादेवरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम गुड़ी से सघंन जनसंपर्क अभियान प्रारंभ कर ग्राम चारगांव, जरौंदा, समनापुर, बखारी, रामगढ़, ढारिया, जामुनपानी, जमुनिया, केवलारी, बंदरिया, लकवाह, निवारी, सालीवाडा, घोघरी, ऊंटेकटा, दरबई, तुलफ रैयत, वेरढाना, खैरनरा, कोंडरा, पीपरढाना, देवतामऊं, बीजादेवरी, बारी, दल्लीटोला, माहुलपानी, बवैया, चिखली, गोरखपुर, सिंदरई, टांडेटोला, अटामा, ढुटई, सुकरी, रायगढ़, घुंघसा एवं ग्राम मुआरी का दौरा करते हुए जनसंपर्क कर मतदाता बंधुओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कलेक्टर ने किया मतदान दलों के प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण

सिवनी यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा सोमवार 06 नवम्बर को उत्कृष्ट विद्यालय, उर्दू विद्यालय, नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर तथा केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा प्रशिक्षण व्यवस्थाओं के साथ-साथ मतदान दलों के डाक मतपत्र द्वारा मतदान की गतिविधियों का भी अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गये। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय एवं सहायक नोडल पूर्वी तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कांग्रेस व्यापारी हितैषी नहीं, पीठ में खंजर घोपने वाली पार्टी है - रूपचंद मोहनानी

सिवनी यशोंः- व्यपारियों के साथ सदैव छल करने वाली कांग्रेस आज वोटों के खातिर स्वयं को व्यापारी वर्ग का हितैषी साबित करने का ढोंग कर रही है कांग्रेस का चरित्र और इतिहास इस बात का गवाह है कि उसनें ना सिर्फव्यपारियों के हितों को ताक पर रखा है, बल्कि उनकी पीठ मे खंजर भी घोंपा है, और लूटने, ठगनें का काम भी किया है। आज समय की मांग है कि व्यपारी वर्ग कांग्रेस के इस दोहरे चरित्र से सजग व सावधान रहे। इस आशय की बात भाजपा व्यपारी प्रकोष्ट के प्रदेश सह संयोजक रूपचंद मोहनानी द्वारा कही गई।

श्री मोहनानी ने कहा कि व्यपारी वर्ग कैसे प्रताड़ित हो और कैसे उसका व्यपार चौपट हो कांग्रेस ने सदैव इसी कों अपना लक्ष्य माना है और इसी के अनुरूप कार्य किए है, इस जिले के व्यपार को प्रभावित करने के लिए कांग्रेस के द्वारा फोरलाईन निर्माण को लेकर जिस तरह अड़गें लगाए गए उससे जिले का व्यापारी वर्ग भली भाँति परिचित है यही नही बड़ी रेल लाईन के मामले मे भी कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ द्वारा चौरई के आगें रेल्वे नेटवर्क ना बढे इसके लिए हर संभव प्रयास किए। जबकि दिग्गविजय सिंह के मुख्यमंत्री रहते हुए गुल बिजली और टूटी सड़कों ने आमजनों को परेशान तो किया ही बल्कि इससे व्यपारियों का व्यपार भी चौपट हुआ है। जब 15 महिनों के लिए दुर्भाग्यवश श्री कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिला तो उन्होनें इस अल्प अवधि मे ही प्रदेश का बंटाधार करने मे कोई कसर नही छोड़ी।

कांग्रेस अध्यक्षीय परिषद को ही देख लें कैसे होते हैं कांग्रेसी - अशीष

व्यपारी वर्ग की परेशानी को लेकर व्यपारी प्रकोष्ट के जिला संयोजक आशीष अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कांग्रेस द्वारा ना सिर्फ बडे और मध्यम वर्ग के व्यपारियों को प्रताड़ित किया जा रहा है बल्कि अब तो इन्होनें हाथ ठेलों, गुमठी वालें और बजार हाट मे दुकान लगाकर अपना दैनिक जीवन चलानें वाले छोटे छोटे व्यपारियों को भी लूटने का कार्य शुरू कर दिया है, इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है कि लगभग 6 माह पूर्व प्रदेश सरकार द्वारा स्थानीय निकायों को एक आदेश जारी करते हुए गुमठी व हाथ ठेलें वालों से तत्काल वसूली निरस्त किए जानें का आदेश पारित किया था किंतु वर्तमान मे कांग्रेस शासित नगर पालिका द्वारा प्रदेश सरकार के इस निर्णय और आदेश को कचरे की टोकरी मे डालकर ना सिर्फ इन छोटे व्यपारियों से वसूली की जा रही है बल्कि इस अवैध वसूली का ठेका अपने चहेते ठेकेदारों को देकर उन्हे उपकृत किया जा रहा है।

नपा में लीज के नाम से होती है लूट

श्री अग्रवाल द्वारा आरोप लगाया गया कि नगरीय क्षेत्र मे जिन व्यपारियों की दुकानों की 30 वर्षीय लीज समाप्त हो गई है, नगरपालिका द्वारा उनकी लीज का नवीनीकरण नही किया जा रहा है बल्कि व्यपारियों से निर्धारित नवीनीकरण षुल्क के अतिरिक्त मोटी रकम की मांग की जा रही है, यहॉ यह भी उल्लेखनिय है कि जिन व्यपारियों ने मजबूरी वष नगरपालिका की इस अवैध मांग को मान लिया है, उनकी दुकानों और गोदामों का नवीनीकरण कर दिया गया है, षेश व्यवसायी नवीनीकरण के लिए नगरपालिका के चक्कर काट रहे है, जबकि लीज के नवीनीकरण को लेकर प्रदेष सरकार द्वारा राजपत्र के माध्यम से आदेष जारी कर दिया गया था कि उन सभी व्यपारियों की लीज का नवीनीकरण किया जायें जो 30 वर्श पूर्ण कर चुकी है किंतु सिवनी नगरपालिका की मनमानी के चलते प्रदेष सरकार के इस आदेष को भी कूड़ेदान मे डाल दिया गया है।

नपा ने लीज की राशि 100 प्रतिशत बढ़ा दी

भाजपा व्यापारी प्रकोष्ट के द्वारा आरोप लगाया गया कि वर्तमान मे नगरपालिका मे किस परिवार का वर्चस्व चल रहा है और किस तरह उनके द्वारा मनमानें ढंग से व्यपारी वर्ग को प्रताड़ित और परेषान किया जा रहा है, यह किसी से छुपा नही है इसके पूर्व भी जब नगरपालिका मे राजकुमार पंजवानी जी का अध्यक्षीय कार्यकाल था उस दौरान नगर के व्यपारी वर्ग पर निर्यात कर थोपा गया था उस की वजह से दो माह तक नगर के संपूर्ण व्यपारी बंधुओं द्वारा हड़ताल कर अपना व्यपार बंद कर दिया गया था, जब प्रदेश स्तर तक भारी दबाब बना तब जा कर श्री पंजवानी जी द्वारा निर्यात कर आदेश वापिस लिया गया था। इसी कार्यकाल के दौरान व्यपारीयों से लिए जाने वाली लीज राशि मे 100 प्रतिशत की वृद्धि कर दी गई थी। इतना सब होने के वावजूद भी आज कांग्रेस स्वयं को व्यपारियों का हितैषी निरूपित करने पर तुली हुई है जो उनके पाप, पाखंड ,ढोंग, और दोहरे चरित्र कों उजागर करती है।

वृहद चुनर यात्रा निकालकर जिलेवासियों से की गई मतदान करने की अपील

सिवनी यशोः- सोमवार 06 नवम्बर को मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत अखण्ड चुनर यात्रा का आयोजन किया गया। बडी संख्या में आमजन, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राऐं तथा महिलाऐं इस यात्रा में शामिल हुई। स्थानीय पुलिस ग्राउंड मैदान से प्रारंभ हुई, इस यात्रा को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री क्षितिज सिंघल एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा स्वीप प्रभारी श्री नवजीवन विजय ने हरी झंडी देकर रवाना किया। यह यात्रा पुलिस ग्राउंड से प्रारंभ होकर सर्किट हाउस चौक,गांधी भवन, शुक्रवारी बाजार, नेहरूरोड, नगरपालिका, बसस्टेंड, पोस्ट ऑफिस के सामने से होते हुये मिशन स्कूल ग्राउंड में समाप्त हुई। इसके पूर्व उपस्थितजनों द्वारा पुलिस मैदान में भारत के नक्शे की आकृति में मानव श्रृंखला बनाकर सभी से अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई। मिशन स्कूल मैदान पहुंचकर उपस्थितजनों द्वारा मतदान की शपथ ली गई।

उल्लेखनीय है कि मतदाता जागरूकता गतिविधि अंतर्गत जिले के प्रत्येक ग्राम में चुनर के माध्यम से हस्ताक्षर अभियान चलाया गया था। जिसमे सभी ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर आगामी 17 नवम्बर को अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया है। सोमवार को प्रत्येक ग्राम से जिला मुख्यालय पहुंची चुनरी को जोडकर वृहद यात्रा का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा किया गया है। यात्रा के माध्यम से नगरवासियों से आगामी 17 नवम्बर को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की गई।

ब्र हतेज और क्षात्र तेज का अद्भुत संगम रखने वाले थे वरिष्ठ प्रचारक श्री रंगा हरी जी

हेमंत मुक्तिबोध

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक श्री रंगा हरी जी स्वर्गारोहण कर गए। प्रदीर्घ अस्वस्थता के बाद केरल के कोच्चि नगर में उन्होंने अंतिम सांस ली । उनका जाना एक ऐसे महाप्राण व्यक्तित्व का जाना है जिसमें ब्र हतेज और क्षात्र तेज का अद्भुत संगम था। केरल एक ऐसा प्रदेश है जहां मिशनरी, मार्क्सवादी, मैकालेवादी और जिहादी अतिवादी शक्तियां अपनी सत्ता और जनसं या के बल पर हिंदुत्व के विचार और हिंदू संगठनो को कुचलने के लिए हर संभव षडयंत्र रच रही होती हैं। ऐसे कठिन प्रदेश में प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच संघ के काम को निरंतर आगे बढ़ाने में जिन महानुभावों ने अपने रक्त को पसीना बना दिया, रंगा हरि जी उनमें अन्यतम थे। केवल संघ के कार्यकर्ताओं के लिए ही नहीं, बल्कि सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं और संगठनों के लिए भी वे एक प्रेरणापुंज थे।

संघङ्कसृष्टि की आकाशगंगा के जाज्जवल्यमान नक्षत्रों में उनकी आभा और दीप्ति कुछ विशिष्ट थी। उच्चतम कोटि के शील के बीच सांस लेते उनके व्यक्तित्व में संघर्ष और स्वाध्याय, सक्रियता और वैचारिकता, विनम्रता और वाग्मिता, मूल्य और मौलिकता सदैव साकार और जीवंत रहती थी। सौ वर्ष पूरे करने जा रही संघ की यात्रा को डॉ टर हेडगेवार, श्री गुरूजी, दीनदयाल उपाध्याय और दत्तोपंत ठेंगड़ी जैसे मौलिक चिंतकों ने वैचारिक आधारभूमि प्रदान की थी। रंगा हरि जी उसी परंपरा के वर्तमान चिंतक थे।

उन्हें सुनना और पढ़ना एक अलौकिक अनुभव हुआ करता था। उनका सानिध्य हमेशा एक प्रश्न मन में जगाए रखता था कि इतना प्रखर प्रज्ञावान और विलक्षण विद्वान व्यक्ति इतना सहज, सरल और आत्मीयतापूर्ण कैसे हो सकता है कि अनायास ही उसके प्रति भक्ति के भाव उत्पन्न हो जाएं ? उनकी लगभग पचास से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। विभिन्न भाषाओं में उनके भाषणों के संकलन प्रकाशित हुए हैं । उनका शब्द-शब्द और अक्षर-अक्षर उनकी वांग्मय तपस्या का परिचायक है। आज जब वे अपने पार्थिव रूप में उपस्थित नहीं है, तब उनके व्यापक विचार संकलन में से मेरे पढ़ने में आई उनकी कुछ ही पुस्तकों में व्यक्त उनके विचारों का यहां पुन~स्मरण करना प्रासंगिक होगा।

स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के संदर्भ में ÷स्व÷, ÷स्वराज÷ और ÷स्वतंत्रता÷ शब्दों का आजकल खूब उल्लेख हो रहा है। अधिकांश लोग इन शब्दों के सही अर्थ जाने बिना ही इनका प्रयोग करते रहते हैं । स्वर्गीय हरि जी ने इन शब्दों की बड़ी सुंदर व्या या की है। वे लिखते हैं ~÷स्वतंत्रता संग्राम के काल खण्ड में हम दो शब्द सुन रहे थे, एक %स्वराज% और दूसरा %स्वतंत्रता%। इन दोनों शब्दों में फर्क है। विश्लेषण करके सोचें तो %स्वराज% राजनीतिक शब्द है, और उसका भाषान्तर अंग्रेजी में अपने नेता गण ने किया ÷स्श्वरून्न ऋरूश्व÷ । राज करना राजनीतिक काम है। लेकिन %स्वतंत्रता% केवल स्द्द्यद्ध-ह्लद्द्यद्द नहीं, स्वराज नहीं। स्वराज स्वतंत्रता से छोटा है। %स्वतंत्रता% स्वराज से मौलिक है, व्यापक है। स्वतंत्रता राष्ट्र की अस्मिता पर जोर देती है, और स्वराज अस्तित्व पर जोर देता है।÷

अपनी पुस्तक ÷ भारत के राष्ट्रत्व का अनंत प्रवाह÷ में श्री रंगा हरि ने भारत की राष्ट्र विषयक अवधारणा की सुंदर व्या या की है। भारत के राष्ट्रत्व की बहुरंगी छटाओं, उसकी विशिष्ट दृष्टि और अर्थों को स्पष्ट करते हुए वे लिखते हैं ÷ मैने जानबूझ कर



राष्ट्रत्व शब्द को स्वीकारा` योंकि यही राष्ट्र की अस्मिता को व्यक्त करता है। राष्ट्र संबंधित चार शब्द हैं , राष्ट्र, राष्ट्रत्व, राष्ट्रीय और राष्ट्रीयता। इनमें से राष्ट्र का स्वत्व है राष्ट्रत्व। राष्ट्र से जात या राष्ट्र संबंधित है राष्ट्रीय । उस राष्ट्रीय की वृत्ति या प्रकृति है राष्ट्रीयता। अंग्रेजी में भी इसी प्रकार के चार शब्द हैं ; नेशन,नेशनहुड, नैशनल और नैशनलिज्म।÷ इस पुस्तक के अठारह अध्यायों में उन्होंने हमारी राष्ट्रीयता के मूल तत्वों और उसके आध्यात्मिक अधिष्ठान का अत्यंत सरल और सारगर्भित विश्लेषण किया है जो किसी भी व्यक्ति के लिए अज्ञान और भ्रम के परदे को फाड़ कर वास्तविक सत्य को जानने में सहायक हो सकता है।

उनकी एक अन्य पुस्तक है ÷सुधा वाणी, सुधी वाणी÷। हमारी ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाने और समाज को कर्तव्यपरायण तथा संस्कारवान बनाने में संस्कृत सुभाषितों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ऐसे असं य सुभाषितों की निधि में से कुछ उपयोगी सुभाषितों की सरल और सामयिक व्या या श्री रंगा हरि जी ने इस पुस्तक में की है । इसमें एक सुभाषित ÷मंत्र विप्लव÷ से संबद्ध है, जो इस प्रकार है ~

एकं विषरसो हन्ति शस्त्रेणैकश्च वध्यते । सराष्ट्रं सप्रजं हन्ति राजानं मंत्रविप्लवः ॥

(उद्योग पर्व, 33-45)

अर्थ ~विष की एक बूंद एक व्यक्ति को मारती है और शस्त्र एक व्यक्ति को मारता है, परंतु मंत्र विप्लव (विचार भ्रांति) स पूर्ण राष्ट्र, प्रजा और राजा को मारता है।

इसकी व्या या करते हुए वे लिखते हैं, ÷ या है यह मंत्र विप्लव ? मन की भ्रांति, मन की विकृति, भ्रम की स्थिति। ये सब उसके रूप भेद हैं। मंत्र विप्लव स्वत्व को नष्ट करता है। विदुर ने जैसे बताया कि राष्ट्र का, जनता का, राष्ट्रपति का स्वत्वापहरण करता है। असली पहचान का नाश करता है। उससे प्रभावित व्यक्ति घोरतम आत्मविस्मृति में डूब जाता है। आत्मविस्मृति के परिणामस्वरूप व्यक्ति तथा राष्ट्र अंतःशून्य हो जाता है, आगे चलकर वैयक्तिक जीवन खोखले जीवन में भूताविष्ट हो जाता है। राष्ट्र के स्तर पर अपनी अस्मिता खोकर, स्वकीय तंत्र विस्मृत होकर परकीय तंत्र बिना हिचकिचाते अपनाता है। यही है उपर्युक्त अराष्ट्रीयकरण। उस आत्मघाती बीमारी का रोगाणु है मंत्र विप्लव ÷। वे आगे लिखते हैं, अंग्रेजों का प्रयोग मंत्रविप्लव का था। उसका नतीजा है मन की विभ्रांति और विकृति। क पनी-राज्य के काल में ही अंग्रेजों द्वारा यहाँ मन्त्रविप्लव का बीज बोया गया था। उनकी शिक्षा प्रणाली, उनका प्रचार, उनकी व्यवस्था कुशलता, चर्च के प्रोपेगण्डा आदि के कारण अंग्रेज यहाँ देवदूत माने गए। योजनापूर्वक उनकी ओर से दो शब्द प्रचलित हुए- Divine Dispensation और White-man's burden- (दैवी विधान व गोरे साहब का ऋष्ट्रा-भार)। संकेत था कि वे यहाँ के काले नरसमूह की भलाई के लिए ईश्वर की योजना के अनुसार आ पहुँचे हैं। भारतीयों के मन में हीनता (inferiorit4) का भाव अंकुरित होने लगा। आगे चलकर भारत एक राष्ट्र नहीं, यहाँ की पृथ्वी एक देश नहीं वरन् उपभूखंड है, यहाँ का गरम मौसम सबको उदास बनाने वाला है, यहाँ सर्वत्र भिन्नता ही भिन्नता है, सबको एक सूत्र में गूंथने का भार गोरों का है, संस्कृत मृत भाषा है आदि विचारभ्रान्तियाँ जन-मन में घुसने लगीं; जिससे राष्ट्रीय अस्मिता की विस्मृति हुई। भेड़ के झुंड के बीच जन्मे शेर के शावक की हालत हुई भारत की प्राचीन जनता की।÷ आज के परिवेश में जब विभिन्न निहित स्वार्थी ताकतें आपस में गठजोड़ कर मायावी तौरतरीके अपनाते हुए समाज में एक मंत्र विप्लव ही फैलाने में लगी हैं तब श्रीमान हरि जी का यह विश्लेषण अधिकाधिक सामायिक सिद्ध होता है।

श्री रंगा हरि जी की एक अन्य कृति है ÷वाल्मीकि रामायण ङ्क एक अध्ययन÷। वाल्मीकि रामायण के महान संदर्भों में कालांतर में हुए परिवर्तनों के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने उन संदर्भों का पुनरीक्षण किया है। श्रीराम को चित्रकूट से वापस अयोध्या ले जाने के लिए प्रयत्नशील भरत के साथ जाबालि भी थे जिन्होंने अपने तर्कों से श्रीराम को वनगमन से परावृत्त करने के भरसक प्रयत्न किए थे। वाल्मीकि रामायण में वर्णित श्रीरामङ्कजाबालि संवाद की व्या या करते हुए रंगा हरि जी ने संसार में लोगों को तीन प्रकार की श्रेणियों, सन्मार्गी, दुर्मागी और अमार्गी में वर्गीकृत करते हुए तीनों का बडा ही सुंदर विश्लेषण किया है जिसका यहां स्थान की मर्यादा के कारण विस्तृत उल्लेख संभव नहीं है।

श्री रंगा हरि जी की नवीनतम कृति है ÷पृथ्वी सूक्त ङ्क धरती माता के प्रति एक श्रद्धांजलि ।÷ कुछ ही समय पूर्व सरसंघचालक डॉ टर मोहन भागवत जी ने केरल के राज्यपाल श्री आरिफ मोह मद खान की विशिष्ट उपस्थिति में इस पुस्तक का लोकार्पण किया है। जीवन के व्यावहारिक और अलौकिक पक्ष, वनस्पति, औषधि, धरती, अंतरिक्ष, राष्ट्र, समष्टि और व्यष्टि आदि से संबंधित व्यापक ज्ञान जिस पृथ्वी सूक्त में संगृहीत है, वह अथर्व वेद का एक अंश है । मानव प्रज्ञा के इस अक्षय कोष में जीवन को समस्त कोणों से देखने वाली जो सामंजस्यवादी दृष्टि है उसे अपने चिंतन और विश्लेषण से विषद करते हुए इस पुस्तक में श्री रंगा हरि जी ने हमें अपने सांस्कृतिक उत्तराधिकार के प्रति जागृत किया है। वे लिखते हैं ÷ यह सूक्त पृथ्वी का गायन करता है, परन्तु यह पार्थिव नहीं है। यह स्वर्ग का गीत गाता है परंतु स्वर्गीय नहीं है। यह इंद्र, अग्नि, वायु और सूर्य जैसे देवताओं का गायन करता है, लेकिन यह ईश्वरीय नहीं है। इसमें पृथ्वी और स्वर्ग को मिला दिया जाता है। यहाँ पृथ्वी का मनुष्य स्वर्ग की दिव्यता से हाथ मिलाता है।

इसमें हम मानवतावाद को आध्यात्मिकता से युक्त पाते हैं। यह न तो अत्यधिक भौतिकवादी है और न ही आध्यात्मिक। वास्तव में, यह सोने और तांबे की मिश्रधातु की तरह दोनों का सामंजस्यपूर्ण संयोजन है। इसमें जानवर और जंगल, नदियाँ और महासागर, मैदान और पहाड़, सभी मिलकर जीवन और ऊर्जा को बढ़वा देते हैं। इसमें जीवन के विभिन्न स्तर के लोग शामिल हैं। आध्यात्मिक और सैनिक, व्यापारी और हलवाहा, सभी के लिए इसमें पर्याप्त जगह है। इसकी चौड़ी छाती पर अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोग और अपने-अपने विश्वास और पूजा के तरीके वाले लोग हैं। यह माँ पुत्रवत प्रेम और बिना किसी भेदभाव के सभी का पालन-पोषण करती है।

इसकी गोद चौड़ी और बड़ी है और इसमें मातृत्व सदैव भरा रहता है। यह किसी राष्ट्र विशेष की बात नहीं करता। यह पूर्णतः मानवतावादी है। दुनिया के किसी भी कोने में, कोई भी देश, कॉपीराइट के डर के बिना इसका मालिक हो सकता है। यह सबका है और सबके लिए है। अब समय आ गया है कि हमारी इस पवित्र भूमि भारत से इसकी गूंज विश्व में हो। लेकिन इसमें मनुष्यों के किसी भी समूह के दरवाजे पर दस्तक देने की आंतरिक क्षमता है। यह पृथ्वीसूक्त मातृवाद, राष्ट्रवाद, मानवतावाद और सार्वभौमिकता से स्पंदित है।÷

पृथ्वी सूक्त उनकी अद्यतन पुस्तक है। संभव है, और हमें यह उ मीद भी करनी चाहिए, कि उनकी प्रखर प्रज्ञा और मेधा से उद्भूत कुछ और भी अप्रकाशित साहित्य होगा जो भविष्य में हमें उपलब्ध होगा । वे अब देहङ्करूप में हमारे बीच नहीं हैं । ऐसे में उनका साहित्य, विचारधन और पावन स्मृति ही हमारी धरोहर होगी । उनका सारा जीवन भारत के लिए समर्पित था । सारे सपने, सारे अपने, सारी सांसें, सारी प्रतिभा, सारा पुरुषार्थ और सारी तपस्या भारत माता की जय के लिए थी।

अपनी पुस्तक ÷मां के चरणों में÷ वे लिखते हैं ÷ हम भारतीयों की माँ भारत है। वह हमारे लिए पुण्यभूमि है, मंगल करने वाली है। माँ को संसार में प्रथम स्थान उपलब्ध करा देने का जन्मसिद्ध दायित्व हमारा है। किन्तु वह मातृभूमि के आत्मा रूप धर्म को भुलाकर नहीं होना चाहिए। यह धर्म केवल वैयक्तिक नहीं है। वह सारे समाज का है। उसे सुरक्षित रखना, विकसित करना तथा उसके द्वारा जनता की विशिष्ट शक्ति का निर्माण करना अनिवार्य है। उसके लिए अवयव रूप व्यक्तियों की उन्नति अपेक्षित है। वह उन्नति संगठन के योग्य गुणों के विकास के द्वारा होनी चाहिए। देशभर के व्यक्तियों में आदर्श की निष्ठा, स्नेह, पौरुष, सुशीलता, विवेकशील ज्ञान, बल इत्यादि आध्यात्मिक और मानसिक गुण विकसित होने चाहिए। इसके अतिरिक्त अथ से इति तक ईश्वर की कृपा भी चाहिए। ऐसे व्यक्तियों के द्वारा विकसिंत, संगठित सामाजिक शक्ति राष्ट्र को उसकी आत्मसत्ता रूप धर्म से विचलित किये बिना सर्वांगीण प्रगति के ऊँचे क्षेत्र में पहुँचा देगी। इस प्रकार यह हिन्दु राष्ट्र, जो कभी जगदुरु था, फिर एक बार वह पद प्राप्त करेगा। उस दिन 'भारत माता की जय' का उद्घोष सार्थक होगा । "

ऐसे महान विचारक रंगा हरि जी हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन उनके विचार संघ के स्वयंसेवकों के लिए ही नहीं संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे। उन्हें सादर श्रद्धांजलि।

महाकालेश्वर में मनेगा पांच दिवसीय दीपावली पर्व, आकर्षक रोशनी से सजेगा मंदिर

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकाल मंदिर में पांच दिवसीय दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर में धनतेरस से पूजन की शुरुआत होगी। दीपावली पर मंदिर के गर्भगृह में सुबह भस्म आरती में फुलझड़ियां जलाकर दीपावली का त्यौहार मनाया जाएगा। विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में दीपावली का पर्व धूमधाम से मनाया जाने की परंपरा है। दीपावली के लिए महाकाल मंदिर में गर्भगृह दीवारों पर में चांदी की सफाई की जाएगी। यह कार्य रविवार से शुरू हो जाएगा। महाकाल मंदिर शिखर की सफाई भी की जाएंगी। महाकाल मंदिर समिति परंपरा अनुसार मंदिर में 5 दिनी दीपोत्सव मनाया जाएगा। दीपावली के लिए पूरे मंदिर परिसर और शिखर को आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। दीपावली के पहले रविवार से गर्भगृह की सफाई का काम शुरू हो जाएगा। मंदिर में धनतेरस के पूजन से पांच दिनी दीपोत्सव की शुरुआत होगी। महाकालेश्वर मंदिर में 10 नवंबर शुक्रवार के दिन धनतेरस पर्व मनाया जाएगा, जिसमें महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित चिकित्सालय में भगवान श्री धनवंतरी का पूजन किया जायेगा। मंदिर के पुरोहित समिति द्वारा भगवान महाकालेश्वर का अभिषेक पूजन किया जाएगा। 12 नवंबर 2023 कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी को महाकालेश्वर भगवान को अ यंग स्नान करवाया जावेगा। प्रातः 7~30 बजे होने वाली आरती में महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से अन्नकूट का भोग लगाया जाएगा।

चूर-चूर हो गई चुनावी सड़क, रहवासियों ने चक्का जाम किया

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में विधानसभा चुनाव के ठीक पहले बनाई गई एक सड़क पापड़ की तरह चूर-चूर हो गई। इस सड़क के लिए आसपास की कॉलोनी में रहने वाले लोग 4 साल से संघर्ष कर रहे थे। सड़क के लिए जमीन दान कर दी थी। बड़ी मुश्किल से 7 दिन पहले सड़क बनी थी। गुस्साए लोगों ने चक्का जाम कर दिया, लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। पुलिस ने डंडा दिखाकर सबको उठा दिया।

तीन करोड़ की सड़क 7 दिन नहीं चली

एमजीएम मार्ग खजूरी कलां से भोपाल बायपास तक सड़क के लिए अवधपुरी की 39 करोड़ के लगभग 30000 लोग पिछले 4 साल से संघर्ष कर रहे हैं। यह सड़क 15 साल पहले भोपाल मास्टर प्लान में घोषित की गई थी। लोगों ने एक बड़ा हस्ताक्षर अभियान चलाया और एमजीएम स्कूल की तरफ से 1.22 एकड़ जमीन सरकार को दान की गई। 6 महीने पहले 2.83 करोड़ में एमजीएम मार्ग खजूरीकलां से भोपाल बायपास रोड 1.64 किमी का टेंडर हुआ था। लगभग 3 करोड रुपए की सड़क पूरे 7 दिन नहीं चल पाई। पापड़ की तरह सड़क के छोटे-छोटे टुकड़े लोगों के हाथ में आ गए। इस तरह से बीच सड़क पर बिजली के 125 खंभे इस तरीके से लगाए गए हैं। जिनकी वजह से 7 दिन में 2 हादसे हो गए हैं।

खजूरीकलां से भोपाल बायपास रोड एमजीएम मार्ग इतना महत्वपूर्ण यों है

इस सड़क के कारण पटेल नगर से एंट्री के बाद इस रास्ते से एमजीएम स्कूल होते हुए ए स, होशंगाबाद रोड और 11 मील बायपास सीधे कने ट हो गया। इस सड़क के बन जाने के बाद रायसेन रोड से, ढ्ढद्धस्र् ञ्जाह्लक्क और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचने में जहां पहले 25 से 30 मिनट लगते थे। अब यह दूरी 5 मिनट की रह गई थी।

यह क्षेत्र भोपाल जिले की गोविंदपुरा विधानसभा में आता है। यहां भाजपा के संस्थापक सदस्य श्री बाबूलाल गौर की पुत्रवधू श्रीमती कृष्णा गौर विधायक हैं एवं मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में भारतीय जनता पार्टी की ओर से अधिक प्रत्याशी भी है। यह भी कहा जा रहा है कि आगामी भाजपा सरकार में श्रीमती कृष्णा गौर, कैबिनेट मंत्री बनेगी। इस सड़क के उखड जाने के कारण अवधपुरी क्षेत्र के लगभग 20000 वोट प्रभावित होने की संभावना है।

रायसेन में रिश्वत लेता जेल गार्ड गिर तार

भोपाल। मध्य प्रदेश के रायसेन जिले के बेगमगंज स्थित जेल में कैदियों की पिटाई नहीं करने के बदले चौथ वसूली की जाती है। लोकायुक्त पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए जेल प्रहरी श्री अमित धाकड़ ?6000 रिश्वत लेते हुए गिर तार कर लिया।

बेगमगंज जेल प्रहरी अमित धाकड़ गिर तार

जानकारी के अनुसार, बेगमगंज जेल में श्री जगदीश अहिरवार पिता सीताराम अहिरवार नाम का कैदी बंद है। जेल प्रहरी कैदी की जमकर पिटाई करता था। इसी दौरान जैल में मिलने आए मित्र श्री अर्जुन रैकवार को कैदी जगदीश ने अपनी आपबीती सुनाई थी। अर्जुन ने जेल प्रहरी से जगदीश की पिटाई नहीं करने का निवेदन किया तो उसने इसके बदले 6 हजार रुपए रिश्वत मांगी थी। इसके बाद कैदी के मित्र श्री अर्जुन अहिरवार ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक भोपाल से इस मामले की शिकायत की थी। शिकायत का सत्यापन हो जाने के बाद एसपी लोकायुक्त भोपाल द्वारा ट्रैप दल का गठन किया गया।

पिंक ड्रेस में इंदौर की सड़कों पर निकली हजारों लड़कियां और महिलाएं, कले टर एवं आयुक्त ने दिलाई मतदान की शपथ

इंदौर। आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के लिए मतदान जागरूकता के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में इंदौर में आज सुबह सात बजे से नेहरू स्टेडियम से पिंक वॉकेथॉन pink walkathon का आयोजन हुआ। इसमें कले टर डॉ. ईलैया राजा टी एवं आयुक्त हर्षिका सिंह खुद पहुंची। दोनों ने इस अवसर पर अधिक से अधिक मतदान के लिए लड़कियों और महिलाओं को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर आयुक्त दिव्यांक सिंह, मु य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अखिलेश उपाध्याय, बड़ी सं या में शहर के विभिन्न महिला संगठन, स्कूल, कॉलेज, ईंस्टिट्यूट एवं अन्य शैक्षणिक संस्थाओं की महिलाएं एवं छात्राएं मौजूद थीं।

I am Proud Voter

कले टर डॉ. ईलैया राजा टी एवं आयुक्त हर्षिका सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन के तहत दिनांक 17 नवंबर को आयोजित मतदान दिवस पर मतदाताओं की अधिक से अधिक सहभागिता को दृष्टिगत रखते हुए स्वीप प्लान के तहत शहर में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज नेहरू स्टेडियम से दिल्ली कॉलेज होते हुए पुनः नेहरू स्टेडियम तक पिंक वॉकेथॉन का आयोजन किया गया। पिंक वाकेथान के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया।

शहर की कई प्रमुख संस्थाओं ने की भागीदारी

स्वीप प्लान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान में दी फिटनेस ग्रुप, नाग नमन ग्रुप, कशिश अहिल्या फाउंडेशन, लव यू जिंदगी ग्रुप, आर्टिस्ट` लब इंदौर, प्रीत योग, अखिल भारतीय सनातन जैन महिला संघ, वॉइस सोशल वेल फॉर सोसाइटी, वूमेन समिति, जीटीसी कॉलेज, माता गुजरी कॉलेज महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज, अनिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद, अनीता चतुर्वेदी दृष्टि` लब, अंजलि जैन वॉक ग्रुप, महेश्वरी सुगनी देवी कन्या महाविद्यालय, एनएसएस इकाई सुगनी देवी कॉलेज, आचार्य नरेंद्र देव ग्रंथालय एवं वाचनालय, नूरानी एजुकेशन इंस्टिट्यूट, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय किला मैदान, माता जीजाबाई शासकीय कन्या महाविद्यालय, शाहिद शहर के विभिन्न कॉलेज इंस्टिट्यूट तथा अन्य महिला संगठनों के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

प्रशस्ति पत्र दिए गए

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित पिंक वॉकेथान का नेहरू स्टेडियम से प्रार भ होकर, डेली कॉलेज होते हुए, पुनः नेहरू स्टेडियम पर आकर समापन हुआ। पिंक वॉकेथॉन के शुभारंभ के पूर्व विभिन्न संगठनों एवं ग्रुप द्वारा जु बा डांस किया गया। साथ ही पिंक वॉकेथॉन में स मिलित बालिकाएं व महिलाओं को कैप एवं वॉकेथान के नेहरू स्टेडियम में समापन पश्चात सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

धुआँ उठते ही बजेगा अलार्म स्प्रिंकलर्स बुझाएँगे आग

फायर से टी नॉर्म्स के हिसाब से अपडेट हो रहा जिला अस्पताल, एनएचएम करा रहा है काम

जबलपुर। अंग्रेजों के जमाने में बने जिला अस्पताल के पुराने भवन सहित अन्य भवनों को अब फायर से टी भी मिलने वाली है। धुआँ उठते ही अलार्म बज उठेगा और आग लगने की स्थिति में स्प्रिंकलर्स पानी की बौछार कर आग बुझाने का काम करेंगे। जानकारी के मुताबिक वि टोरिया अस्पताल को नए जमाने के फायर से टी नॉर्म्स के मुताबिक अपडेट किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत अस्पताल परिसर में मौजूद विभिन्न वार्डों समेत अन्य भवनों में फायर अलार्म, स्प्रिंकलर्स जैसे अग्नि सुरक्षा उपकरण लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि बीते करीब 20 दिनों से पाइपलाइन इंस्टॉल करने का कार्य चल रहा है। यह कार्य एनएचएम द्वारा कराया जा रहा है। बता दें कि अस्पतालों में फायर से टी

को लेकर स्वास्थ्य विभाग स त है। बीते वर्ष एक निजी अस्पताल में हुई अग्नि दुर्घटना में 8 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी और बाद में हुई जाँच में अस्पताल में स्थाई फायर एनओसी न होने समेत कई कमियाँ सामने आई थीं। जिसके बाद अस्पताल पंजीयन के लिए फायर एनओसी को भी अनिवार्य कर दिया था। 1 माह मेंहो जाएगा काम सिविल सर्जन डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने बताया कि एनएचएम के निर्देशों के तहत की कार्य हो रहा है। जिसमें एनएचएम के माध्यम से ही अग्नि सुरक्षा मानकों के मुताबिक जिला अस्पताल में उपकरण लगाए जा रहे हैं। संभवत~ 1 माह में अस्पताल फायर से टी नार्म्स के हिसाब से तैयार हो जाएगा। फायर ऐ सटिंग्विशर से चल रहा था काम जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल में बीते कई वर्षों से अग्नि दुर्घटना से सुरक्षा के लिए फायर ऐ सटिंग्विशर (अग्निशमन यंत्र) लगाए गए थे। इसके अलावा कुछ स्थानों पर बाल्टी में भरकर रेत भी रखी गई थी। हालाँकि ये संसाधन आधुनिक फायर से टी मापदंडों के मुकाबले थोड़े पिछड़े हुए थे, जिन्हें अब अपडेट किया जा रहा है।

गुलाबी ठंड की दस्तक से मौसम हुआ सुहाना, चार दिन तक रहेगी रौनक

जबलपुर यशोः- उत्तर भारत में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ को छोड़कर कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। एक प्रति चक्रवात बनने से हवा का रुख भी बार-बार बदल रहा है। मौसम विभाग के वर्तमान में हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी रहने से सम्भाग के जिलों में दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार तीन-चार दिन तक मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद ठंड पड़ने के आसार हैं। रविवार को भी पश्चिमी विक्षोभ के असर से बादल छाए रहे। दिन के तापमान में बढ़त हुई। आगामी चौबीस घंटों में जबलपुर सहित संभाग के जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। रात के समय बीच-बीच में उत्तरी हवा चलने से कभी-कभी रात के तापमान में कुछ गिरावट हो जाती है। रविवार को फिर हवा दक्षिण-पूर्वी चलने लगी है। इस वजह से तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। पिछले तीन दिनों सें संभाग में एक प्रति चक्रवात बना हुआ है। इसके प्रभाव से हवाओं का रुख बार-बार बदल रहा है। इस वजह से दिन-रात के तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति है। मौसम का इस तरह का मिजाज अभी चार-पांच दिन तक रह सकता है।

मतदाता जागरूकता अभियान

सिवनी यशोः- गत दिनांक 03/11/2023 को म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नेताजी सुभाषचंद्र बोस शास, कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य प्रो. अमिता पटेल के संरक्षण ,प्रो. पन्नालाल सनोडिया के सानिध्य एवं मतदाता जागरूकता प्रभारी प्रो. ओमप्रकाश सरवैया के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंर्तगत , जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियों, ई एल सी क्लब एवं मतदान करने के प्रति लोगों को प्रेरित करने सम्बन्धी विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस बैठक में सभी ई एल सी के सदस्यों ने निर्णय लिया कि मतदाता जागरूकता सम्बन्धी अभियान को निरन्तर जारी रखने साथ ही लोगों को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक करने के लिये हमेशा तत्पर रहेंगे। आज की इस बैठक में प्रो. नरेंद्र भीमटे, श्री हेमराज नागवंशी, राकेश श्रीवास, श्रीमती प्रियंका चौरसिया, सुश्री आयशा सिद्दीकी, विवेक पालीवाल, मो. राशिद खान सदस्यों की उपस्थिति रही।

कांग्रेस दल नहीं दलदल बन गई है - शिवराज

भोपाल- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को देवसर, त्योंथर, सेमरिया, रीवा, गुढ़, अमरपाटन और भोपाल की दक्षिण-पश्चिम विधानसभा सहित 7 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका गांधी के मध्यप्रदेश दौरे को लेकर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, मैडम प्रियंका मध्यप्रदेश आकर झूठ की दुकान सजाती हैं। उन्होंने कहा कि, इतना झूठ तो मत बोलिए प्रियंका जी, झूठ बोले कौवा काटे। साथ ही मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रियंका गांधी से कई सवाल पूछते हुए कहा कि, जवाब दें प्रियंका जी हम तो प्रदेश की जनता की सेवा में लगें हैं, कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश के लिए क्या किया है..?

कांग्रेस पार्टी दल नहीं दल-दल है

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि, प्रियंका गांधी जी जवाब दें कि, कांग्रेस पार्टी दलदल बन गई है, जिसमें इंडी गठबंधन ही फंस गया। कोई भी आप पर भरोसा नहीं कर रहा है तो मध्यप्रदेश आप पर कैसे भरोसा करेगा। वहीं मुख्यमंत्री ने सवाल पूछा कि, प्रियंका जी आप कहती हैं कि, भाजपा ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया। हम तो प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि दे रहे हैं। हम सिंचाई की व्यवस्था कर रहे हैं, हम जीरो प्रतिशत ब्याज पर कर्ज दे रहे हैं। उन्होंने कहा की तुमने क्या किया था, जब कांग्रेस की सरकार आई तो वादाखिलाफी कर किसानों का कर्ज माफ तक नहीं किया।

प्रियंका जी क्या यही कांग्रेस की सोच है, जवाब दें

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रियंका गांधी से सवाल पूछते हुए कहा कि, आपके कांग्रेस के नेता स्व-सहायता समूह की बहनों से कह रहें हैं कि, अगर तुम भाजपा को सपोर्ट करोगे तो तुम्हारे घर में चूल्हा नहीं जलने देंगे। तुम्हारे बच्चे भूखे मर जाएंगे, क्या कांग्रेस की यही सोच है कि, गरीबों के बच्चे भूखे मर जाएं। इस तरह की भाषा का प्रयोग आपकी पार्टी के नेता कर रहे हैं आपको जवाब देना पड़ेगा। आपकी पार्टी कपड़ा फाड़ पार्टी हो गई है। कमलनाथ कह रहे हैं कि, दिग्विजय सिंह के कपड़े फाड़ो, दिग्विजय सिंह कह रहे हैं कमलनाथ के कपड़े फाड़ो। कांग्रेस के दो पाट हो गए हैं एक पाट दिग्विजय सिंह की चक्की का तो दूसरा पाट कमलनाथ जी की चक्की का, और दोनों के पाट के बीच कांग्रेस कार्यकर्ता बारिक पिस रहें हैं। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसमें केवल अपने परिवार को स्थापित करना चाहती है। सोनिया गांधी अपने बेटा और बेटी को सेट करना चाहती हैं। कमलनाथ अपने बेटे को सेट करना चाहते हैं और दिग्विजय सिंह अपने बेटे को सेट करना चाहते हैं। हम पूरे प्रदेश की जनता की सेवा में लगे हैं। प्रियंका गांधी जी जवाब दीजिए, आपकी पार्टी ने क्या किया है।

प्रियंका गांधी- झूठ बोले कौवा काटे

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि, आज प्रियंका गांधी फिर से मध्यप्रदेश आ रहीं हैं। मैडम प्रियंका मध्यप्रदेश आकर केवल झूठ की दुकान सजाती है। जब वह पिछली बार आई थी तो उन्होंने फिर से झूठ बोला कि, भाजपा सरकार ने 3 सालों में 21 नौकरियां दी हैं। जबकि हकीकत तो ये है कि, हमने 50 हजार नियुक्ति पत्र बांटे हैं। अब इतना झूठ तो मत बोलिए प्रियंका जी झूठ बोले कौवा काटे। मुख्यमंत्री ने कहा कि, कांग्रेस सरकार ने वादाखिलाफी की किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। बैगा, भारिया, सहरिया बहनों के पैसे क्यों बंद किए। बेटियों की शादी तो करवा दी, लेकिन पैसें क्यों नहीं दिए। बेटा-बेटियों के लैपटॉप क्यों छिन लिए। बुजुर्गो की तीर्थ दर्शन योजना क्यों बंद कर दी। मैडम प्रियंका गांधी जी आज जवाब देना पड़ेगा।

कांग्रेस चालू पार्टी है, लोगों को धोखा देती है

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव जी कह रहें हैं कि, कांग्रेस चालू पार्टी है, कांग्रेस लोगों को ठगती है, कांग्रेस पर भरोसा करके हमने गलती की। इंडी गठबंधन वाले लोग ही कांग्रेस को कोस रहे हैं, कह रहें हैं कि, कांग्रेस भरोसा करने लायक पार्टी नहीं है। अखिलेश यादव जी यह भी कह रहे हैं कि 80 साल के आदमी किसी को क्या पहचानेंगे। उन्हें तो कमलनाथ की उम्र पर ही संदेह है। कमलनाथ ने राहुल गांधी से झूठ कहा कि, मेरी उम्र 72 साल है। अखिलेश 80 कह रहें है और राहुल गांधी 72 कह रहें है, अब कमलनाथ जी सही उम्र तो बताएं कि उनकी सही उम्र क्या है। कांग्रेस पर कोई भी भरोसा नहीं कर रहा है तो प्रदेश आप पर कैसे भरोसा करेगा।

भैया शिवराज, बहनों लिए खुशियां लेकर आया है

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जनसभा के दौरान अपनी लाड़ली बहनों से संवाद करते हुए कहा कि, हर महीने की 10 तारीख को बहनों के खातों में खुशियों की किश्त आती है, लेकिन इस बार 10 तारीख को धनतेरस का त्यौहार है, इसलिए 7 तारीख को ही लाड़ली बहना योजना का बहनों के खातों में पैसा डालूंगा। जिससे बहनें धनतेरस पर खूब खरीदारी कर सकें। उन्होंने कहा कि, मेरी बहनों जाओ खुशी से दिवाली मनाओ, धनतेरस मनाओ, भैया दूज भी मनाओ, तुम्हारा भाई तुम्हारे लिए खुशियां लेकर आया है। ये मेरा वचन है कि, तुम्हारी आंखों में कभी आंसु नहीं आने दूंगा, तुम्हारी जिंदगी में कभी कोई तकलीफ नहीं होगी।

भाजपा को जिताना है, कमल खिलाना है

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विशाल जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी देश के विकास को नई उंचाईयों पर पहुंचा रहें हैं। दुनिया भर में भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहें हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश भी सभी क्षेत्रों में निरंतर विकास कर रहा है, लेकिन इस विकास को और गति देने के लिए मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार जरूरी है। इसलिए भाजपा की विजय का संकल्प लेते हुए सभी उम्मीदवारों को भारी बहुमत से विजयी बनाना है, प्रधानमंत्री श्री मोदी जी को भी आशीर्वाद देना है और मामा शिवराज को भी आशीर्वाद देना है। स्वर्णीम स्वर्णिम मध्यप्रदेश के निर्माण के लिए प्रदेश में एक बार फिर भाजपा की सरकार बनाना है।

इन विधानसभाओं में किया सीएम ने चुनाव प्रचार

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सोमवार को मध्यप्रदेश के 7 विधानसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों, देवसर में श्री राजेन्द्र मेश्राम, त्योंथर में श्री सिध्दार्थ तिवारी, सेमरिया में श्री केपी त्रिपाठी, रीवा में श्री राजेन्द्र शुक्ला, गुढ़ में श्री नागेन्द्र सिंह, अमरपाटन में श्री रामखिलावन पटेल और देर रात भोपाल दक्षिण-पश्चिम में श्री भगवानदास सबनानी के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित किया।

÷अनिवार्य सेवा वस्तुओं (डीजल, पेट्रोल, गैस, बिजली, राशन) के क्रय हेतु मतदान उपरांत मतदाता प्रमाण पत्र अनिवार्य किया जाये - डॉ. के.के. चतुर्वेदी

सिवनी यशोः-नगर के स्थानीय महाविद्यालय डी.पी. चतुर्वेदी विज्ञान, वाणिज्य, कला एवं शिक्षा महाविद्यालय सिवनी में मतदाता जागरूकता अभियान पर महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अवसर पर चर्चा / परिचर्चा पर आयोजित की गई जिसमें चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों से अपेक्षित नैतिक मूल्य, सामाजिक मूल्य, पारदर्शिता, सृजनशीलता, आदर्शवादी, सरल एवं सहजता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि में उद्यमशीलता, पर्यावरण, रोजगार के अवसर बढ़ाने, शिक्षा एवं स्वास्थ्य में एकरूपता आदि पर विस्तार से परिचर्चा की गई। जिसमें महाविद्यालय के छात्र / छात्राएं निकिता नाग, लीना ब्र हे, नीलम जाटव, आकांक्षा नेमा. मीताली सोनी, शांति उइके, नीलू धुर्वे, रिचा विश्वकर्मा, रूपाली ठाकुर ने अपने मंतव्य रखे ।

महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. के.के. चतुर्वेदी ने कहा कि सरकार को शतप्रतिशत मतादान हेतु वोटिंग करने वाले मतदाता को मतदान के बाद एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाये जिसे दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसे गैस सिलेण्डर, पेट्रोल, डीजल, राशन की दुकानों पर मतदान दिवस के बाद से अनिवार्य किया जाए, जिससे लोग इसे अनिवार्य समझ कर मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेंगें ।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमिता चतुर्वेदी ने कहा कि मतदान बढ़ाने के लिये सरकार को मतदाता को एक माह की बिजली मुफ्त निगम कर, जलकर मुक्त कर थोड़ा लालच देना होगा, बाद में इसे कठोरता से लागू करना होगा ।

मतदाता जागरूकता अभियान पर महाविद्यालय के छात्र / छात्राओं द्वारा नगर प्रमुख मार्गो से रैली के माध्यम से गुजरते हुए लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया गया। महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर में निकिता नाग, लीना, ब्र हे, मुर्सलीन अंसारी, नीलम जाटव, भीताली सोनवाने, रूपाली ठाकुर, देवेस भलावी एवं रंगोली प्रतियोगिता में खुशबू, सोनम, भक्ति, प्रियांशु परते, शीतल ठाकुर, पलक बरकड़े दीक्षा दुबे, कत्यानी यादव, प्रगति कुमरे, पुष्पा धुर्वे, दिशा गढ़पाल, साधना डेहरिया, लीशा ठाकुर, दीपा अहाके, आशा पंचेश्वर, विधि जाबुलकर, विजय सिंह परते, आम्रपाली शिव याशिका हाराडे ने भाग लेकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया ।

मतदाता जागरूकता अभियान पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अमिता चतुर्वेदी के द्वारा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र / छात्राओं को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. अनिता सिंह चौहान द्वारा मंच संचालन एवं सह संयोजक श्री टी.सी. सनोड़िया द्वारा अभार व्यक्त किया गया ।

औद्योगिक क्षेत्र मनेरी में श्रमिकों को दिलाई गई मतदान की शपथ

मंडला यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम औद्योगिक क्षेत्र मनेरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र मनेरी के श्रमिकों द्वारा मानव श्रृंखला बनाते हुए 17 नवम्बर को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सभी इकाइयों के प्रबंधकों ने संकल्प लिया कि वे मतदान दिवस के दिन श्रमिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे एवं उन्हें सवैतनिक अवकाश देंगे।

अवैध शराब का परिवहन करने एक आरोपी गिरफ्तार 14 पेटी अंग्रेजी, देशी शराब,

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री राकेश कुमार सिंह के निर्देशन मे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी श्री जी.डी. शर्मा, एसडीओपी सिवनी श्री पुरूषोत्तम मरावी के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. राजेश कुमार दुबे व्दारा थाना क्षेत्र मे लगातार कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 05.11.2023 को अवैध शराब परिवहन की मुखबिर थाना प्रभारी बंडोल द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुएँ तत्काल टीम का गठन कर गुरुद्वारा ह्वा-44 गोरखपुर टेक के पास वन वे ट्राफिक पर सिवनी से छपारा तरफ जा रही लाल रंग की होण्डा अमेज कार क्रं.च्र-03-श्व-4279 को रोककर चैक किया

गया जिसमे कुछ सफेद बोरियों में चौकोर पेटियां रखी पायी गयी, जिसको खुलवाकर चेक करने पर एक पेटी अंग्रेजी शराब रम (मेकडावेल) की कीमती 7200 रू. , एक पेटी बैगपाईपर अंग्रेजी कीमती 7380 रू. तथा 10 पेटी देशी प्लेन शराब कीमती 30000 रू. एवं 02 पेटी देशी मसाला शराब कीमती 7000रू, की कुल 14 पेटी अंग्रेजी, देशी शराब कीमती 51580/- रू. की मिली वाहन चालक सौरभ पिता ब्रजमोहन सिंह ठाकुर 34 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड छपारा थाना छपारा व्दारा होण्डा अमेज कार क्रं. KA-03-AE-4279 अवैध शराब परिवहन करना पाये जाने पर मोके पर आरोपी से उक्त अंग्रेजी शराब, कार क्रं. च्र- 03-श्व-4279 जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरूध्द धारा 34 (2) आबकारी ऐक्ट पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय मे पेश किया गया जैल वारंट बनाये जाने पर जेल दाखिल कराया गया है। आरोपी के संबध मे जानकारी प्राप्त हुई है कि आरोपी पूर्व मे भी थाना छपारा में अवैध शराब परिवहन करते पकडा गया है। अवैध शराब परिवहन के श्रोतो के संबध मे विवेचना जारी है।

आनंद पंजवानी का आना जाना हमेशा रहता - ग्रामीण

सिवनी यशोः-सिवनी विधानसभा कॉग्रेस के युवा प्रत्याशी आनंद पंजवानी द्वारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी बखारी के केवलारी एवं बीजादेवरी मंडलम क्षेत्र में जनसम्पर्क कर क्षेत्र के लोगो से वोट और आर्शीवाद मांगा, यह क्षेत्र आनंद पंजवानी के लिए नया नहीं है वहॉ के लोगो का कहना था कि आनंद पंजवानी का आना जाना हमेशा लगा रहता है काफी संख्या में इस क्षेत्र के युवको को आनंद पंजवानी ने कॉग्रेस से जोड़ने का काम किया है कोई भी समस्या हो यहॉ के लोग आनंद पंजवानी से सम्पर्क करते है और समस्याओं का निराकरण कराने का पूरा प्रयास करते है। दो दिन पूर्व रामगढ़ से छपारा बस का दुर्घटना ग्राम पिपरिया में हो गई थी क्षेत्र के लोगो द्वारा दुर्घटना की सूचना दी गई, उन्होंने तुरंत सिवनी फोन किया अपने छोटे भाई मयंक पंजवानी और कॉग्रेस के लोगो को तुरंत जिला चिकित्सालय भेजा जहॉ उन्होंने दुर्घटना ग्रस्त लोगो को ऐक्सरा, सीटी स्केन कराकर उपचार कराया। आनंद पंजवानी जैसे युवा से क्षेत्र के लोगो को बहुत उम्मीद है इस क्षेत्र के लोग बहुत वर्षो से घोषणा के शिकार हो रहें है लेकिन कोई कार्य विधायक द्वारा नही किया गया। सीधे सरल स्वभाव के धनी कॉग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी को इस क्षेत्र से पूरा पूरा सहयोग किया जायेगा।

आनंद पंजवानी द्वारा बखारी ब्लाक के ग्राम रामगढ़, ढारिया, जामनपानी, जमुनिया, केवलारी, बंदरिया, लकवाह, निवारी, सालीवाड़ा, घोघरी, उटेकटा, दरबई, नाकाटोला, बेरढ़ाना, तुलफ, कोंडरा आदि ग्रामो में जनसम्पर्क किया गया। आनंद पंजवानी के साथ जनसम्पर्क में प्रसन्नचंद मालू, सुरेश परते, शक्ति सेंगर, ब्लाक कॉग्रेस अध्यक्ष विपतलाल उइके, ब्लाक संगठन मंत्री सुरेन्द्र सिंह राजपूत, कार्यवाहक अध्यक्ष जय गजभिये, खेलन नंदवंशी, मंडलम अध्यक्ष डॉ. कन्हैया डेहरिया, घूरसिंह उइके, सेक्टर अध्यक्ष हरनाम इनवाती, गोविंद उइके, शिवकुमार इड़पाचे, ओमनारायण इनवाती, बीएलए राधेश्याम अरेवा, अनिल कुमरे, लालसिंह मर्सकोले, धन्नू काकोडिया, मुकेश उइके, पवन उइके, जगतराम इनवाती, महेश उइके, सुनील मरकाम, महेन्द्र राठौर, हेमराज चन्द्रवंशी, सीताराम इनवाती, राजेन्द्र उइके, संजय सल्लाम सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन के साथ ही ग्रामीण नागरिको की उपस्थिति रही

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी रंजीत वासनिक ने किया विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क

सिवनी यशोः- 6 नवंबर को सिवनी विधानसभा के जिला मुख्यालय सिवनी में सर्व प्रथम मठ मंदिर में पूजन अर्चन करने के उपरांत आज का जनसंपर्क अभियान प्रारंभ किया गया जो शहर के विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क कर लोगो से लिए आशीर्वाद और इस बार आप गोंडवाना गणतंत्र पार्टी एवं बहुजन समाज पार्टी का सहयोग कर भ्रष्ट व्यवस्था परिवर्तन एवं अपने हक अधिकार के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आशीर्वाद प्रदान करें।

इस आशय की बात सिवनी विधानसभा से गोंगपा के प्रत्याशी रंजीत वासनिक जी ने अपने विधान सभा के जिला मुख्यालय के विभिन्न वार्डो में जनसंपर्क के दौरान कही। आगे उन्होंने कहा कि सिवनी विधानसभा के सभी लोग भ्रष्ट व्यवस्था से परेशान है हमारे शहर के व्यवस्था एवं खराब नेतृत्व के कारण

व्यापारी भाई परेशान है क्योंकि ग्राहकों के लिए पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं है हमारे ऑटो रिक्शा वाले भाई परेशान है उनके लिए रिक्सा स्टैंड नही है सिवनी की समस्त अवैध कालोनियों को वैध कराकर उनमें निवासरत नागरिकों हेतु बिजली पानी सड़क की मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ये सभी चीजे वर्षो पूर्व हो जानी चाहिए थी लेकिन भ्रष्ट ये सभी चीजे नही हो पाई है।में आपको विश्वास दिलाता हूं इस बार आप हम सब मिलकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को आशीर्वाद दे सिवनी विधानसभा का गोंगपा का विधायक बनाए इसके बाद सम्पूर्ण सिवनी विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की समस्या मेरी है और उन समस्याओं का निराकरण करने की जिम्मेदारी मेरी होगी सिवनी शहर की फुटकर एवं थोक सब्जी मंडी को एक व्यवस्थित रूप प्रदान किया जाएगा सिवनी विधानसभा में रोजगार हेतु विभिन्न छोटे बड़े उद्योगों की स्थापना करवाना जिससे सिवनी के शिक्षित बेरोजगार एवं मजदूर भाइयों का पलायन रोका जा सके इस हेतु निरंतर प्रयास किया जाएगा जो आज तक नही हुआ।आपका एक वोट आपका पांच साल का भविष्य तय करता है इसलिए सोच समझकर वोट करे मै आपसे निवेदन करता हूं इस बार हम सब मिलकर भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को सहयोग समर्थन और मतदान करे इसलिए इस बार मजबूत और कुशल नेतृत्व के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी को सहयोग एवं वोट करें।

इस दौरान गोंगपा को सिवनी शहर के सभी वर्गो के लोगों का अपार सहयोग समर्थन मिल रहा है इस अवसर पर गोंगपा पदाधिकारियों में मुख्यरूप से ईश्वर दयाल वरकड़े जिला सलाकार महेश मर्सकोले विधानसभा प्रभारी सिवनी रवि मेश्राम विधानसभा प्रभारी बहुजन समाज पार्टी सिवनी उमाशंकर मर्सकोले किशोरी यादव संतोष डहेरिया पंजुदास चौधरी हियाराम उईके बलवंत जांघेला रामभवन डहेरिया शंकर विश्वकर्मा देवी सिंह अरेवा रतन वरकड़े शिव बरमैया एवं समस्त जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं बड़ी संख्या में मतदाता बंधुओं की उपस्थित रही।

आनंद पंजवानी का नगर में जनसंपर्क

सिवनी यशोः- सिवनी युवा कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी के समर्थन में नगर कांग्रेस द्वारा कस्तूरबा एवं किदवई वार्ड में सघन जनसम्पर्क किया गया। वार्ड की प्रत्येक गली में घर घर जाकर भाजपा और सिवनी विधायक की निष्क्रियता के कारण सिवनी विकास में कितना पिछड़ा है मतदाताओं को यह बताया, अनेक लोगो ने यह स्वीकार किया कि सिवनी विधानसभा में यह परिवर्तन होना चाहिये।

जनसम्पर्क में इमरान पटेल, पंकज शर्मा, विष्णु करोसिया, श्रीमति जीतू तरूण श्रीवास, चंदनसिंह खताबिया, जगदीश गुप्ता,शिव सनोडिया, गिडियन टी सिंह, राकेश अग्रवाल, सुशील ठाकुर, राजेश नेमा, राजा सिंह, नीलेश पालीवाल, श्रीमलि ललिता बघेल, श्रीमति श्यामकांती आत्पूज्य, श्रीमति पवनरेखा रिनायत, श्रीमति सावित्री राजपूत, श्रीमति सुलोचना शिवेदी, कृष्ण सनोडिया, श्रीमति वैशाली रजक, श्रीमति अंशीला, श्रीमति राधिका कुल्हाडे, मनीष अग्रवाल, श्रीमति सुनीता रजक, श्रीमति तिलकबती, श्रीमति देवबती, श्रीमति सीमा रजक, श्रीमति प्रीता, श्रीमति फूल कुमारी, लक्ष्मी उइके, मालती रजक, सहजादी खान, ममता शाह, निकिता उइके, राजेश्वरी चैधरी, अनुसुईया चैधरी, सवीता विश्वकर्मा, संतोषी डेहरिया, मेघना चैधरी सहित बडी संख्या में कांग्रेस जन एवं वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

मंडला विधानसभा के मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मंडला विधानसभा हेतु मतदान कराने के लिए गठित दलों का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल के सभी सदस्यों से आपस में समन्वय बनाने तथा एक टीम के रूप में काम करने का आव्हान किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट सहित संबंधित उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदानकर्मी निर्वाचन की गंभीरता को समझते हुए सभी कर्मचारी निष्पक्षता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी प्रशिक्षणार्थी निर्वाचन की बारीकियों को ध्यान से समझें। उन्होंने मतदान दलों को मतदान दिवस पर अत्यधिक सावधानी बरतने की समझाईश दी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पूर्व प्रशिक्षण के उपरान्त अपनी शंकाओं का समाधान, सावधानियां, ईडीसी एवं पोस्टल बेलेट से मतदान की प्रक्रिया तथा सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया एवं प्रपत्रों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

विकास के मुद्दे पर खुलकर बोली स पतिया, कहा क्षेत्र का चहुमुखी विकास करूंगी

मंडला यशोः- ज़िले मे चुनावी सरगर्मी बढ़ रही हैं। सारी राजनैतिक पार्टी अपने - अपने वादों से जनता को लुभाने मे व्यस्त हैं। इन्ही सबके बीच हमारी मुलाक़ात मंडला विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की उम्मीदवार स पतिया ऊईके से हुई। आपको बता दे स पतिया एक जानीमानी आदिवासी महिला नेता हैं और इसके पहले वह इसी क्षेत्र राज्यसभा सांसद भी रह चुकी हैं। आज उन्होने हमसे बात करते हुये बताया की मंडला एक आदिवासी बाहुल्य ज़िला है और यहाँ विकास की बहुत अधिक संभावनाये है और भारतीय जनता पार्टी का यह संकल्प है की हम मंडला ज़िले को एक विकसित आदिवासी ज़िला बना कर ही रहेंगे। उन्होने विकास के साथ - साथ पैसा ऐक्ट, 6 वी अनुसूची, पर्यटन विकास और महिला सशक्तिकरण के मुद्दो पर भी प्रकाश डाला।

मंडला, ब हनी और नैनपुर के बीच यातायात का विकास कर कान्हा से जोड़ा जाएगा, कान्हा कॉरीडोर पर होगा कार्य

मंडला विधानसभा मे मंडला, ब हनी और नैनपुर मुख्य बस्तियाँ है विकास के लिये इन सभी के मध्य सड़क और रेल मार्ग की क्वालिटी बढ़ना आवश्यक है उन्होने कहा की हमारा प्रयास तीनों बस्तियों के बीच सड़क मार्ग को दुरुस्त करना तथा कान्हा कॉरीडोर का विकास करना है।

इसके अलावा उन्होने पैसा ऐक्ट के विषय मे बात करते हुये कहा की पैसा ऐक्ट पंचयती राज व्यवस्था को मजबूत करने मे एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और प्रशासन प्रणाली मे ग्राम पंचायत की महत्वता को बढ़ा रहा है और ग्रामो मे रहने वाले आदिवासीयो, मज़दूरों और किसानो के सशक्तिकरण मे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होने महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा माहिलाओ को सशक्त करने के लिये बहुत अधिक कार्य किये लाढली बहाना योजना इसका एक बहुत बड़ा उदाहरण है। 6 वी अनुसूची के विषय मे उनका कुछ सीधा मत नहीं था उन्होने इस विषय मे कहा की जनता और आदिवासी भाई बहनो की भलाई के लिये भारतीय जनता पार्टी और संगठन द्वारा जो निर्णय लिये जाएंगे हम उनपर अमल करेंगे। मंडला ज़िला एक आदिवासी बाहुल्य ज़िला है और विकास तो दूर यहाँ मूलभूत चीजे जैसे की स्वास्थ्य, सड़क, रेल जैसी चीज़ों की भी यहाँ कमी है और यहाँ के लोगो को इन सभी के लिये भी संघर्ष करना पड़ता है। आपको बता था स पतिया जी इसके पहले भी 2013 मे मंडला विधानसभा से ही चुनाव लड़ चुकी है और उन्हे इसमे हार मिली थी अब यहाँ देखने वाली बात यह है की इस चुनाव मे इनके वादे जनता को कितना लुभा पाते है।

उज्जैन में लूट के आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला; घर से किया गिरफ्तार

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश के उज्जैन के पंवासा थाना क्षेत्र में लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम रात में उसके घर गई थी। जहां परिवारजनों ने हमला कर दिया और ईंटें फेंककर मारीं, जिसमें कई पुलिसकर्मियों को चोट आई। हालांकि पुलिस के अतिरिक्त बल की मदद पहुंचने पर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया।

पंवासा थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि कल रात थाने की उप निरीक्षक सावित्री कटारा, आर विरेंद्र जाट और कुंदन सिंह लूट के आरोपी कार्तिक को गिरफ्तार करने गए थे। आरोपी आगर में हुई वारदात में फरार चला रहा है। उस पर दो हजार का इनाम घोषित कर रखा है। कल उसके घर पर होने की सूचना के बाद पुलिस टीम रात में उसे पकड़ने गई।

उन्होंने बताया कि वहां पहुंचने पर उसकी मां-बहन और अन्य परिजनों ने पुलिसकर्मियों से हाथपाई शुरू कर दी और ईंटों हमला कर दिया। हमले में दो पुलिसकर्मी विरेंद्र जाट और अविनाश को चोट आई। कार्रवाई के दौरान काफी देर तक हंगामा मचा। सूचना मिलने के बाद थाने से और पुलिस बल मौके पर पहुंचा और आरोपी को उसके घर से खींचकर बाहर निकाला और थाने लाकर बंद कर दिया।

औद्योगिक क्षेत्र मनेरी में श्रमिकों को दिलाई गई मतदान की शपथ

मंडला यशोः- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना के निर्देशानुसार शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम औद्योगिक क्षेत्र मनेरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्र मनेरी के श्रमिकों द्वारा मानव श्रृंखला बनाते हुए 17 नवम्बर को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। सभी इकाइयों के प्रबंधकों ने संकल्प लिया कि वे मतदान दिवस के दिन श्रमिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे एवं उन्हें सवैतनिक अवकाश देंगे।

जिला बदर के उल्लंघन में आरोपी गिरफ्तार पुलिस ने की 60 लीटर अवैध शराब जब्त

बालाघाट। पुलिस विभाग द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया गया कि भरवेली थाना क्षेत्र के बदमाश विश्वजीत बलराम चौहान को 19 अक्टूबर को जिला बदर घोषित किया गया था। इसके अंतर्गत जिले की सीमा से एक वर्ष के लिये बाहर रहना था। जिसकी सूचना भी विश्वजीत चौहान को दी गई थी लेकिन पुलिस ने सतत अपराधियों गुंडा बदमाशों पर निगरानी रखते हुये भरवेली वार्ड क्र.5 के विश्वजीत चौहान को जिला बदर आदेश का उल्लंघन करते हुये गिरफ्त में लिया गया है। पुलिस ने भादवि धारा-188 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। इसके अलावा पुलिस द्वारा थाना प्रभारी किरनापुर द्वारा मोटर साईकिल से 60 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया है। साथ ही पुलिस द्वारा कमलेश हरी कुंजाम निवासी आलीटोला कंडरा व चुन्नीलाल पंचम पुसाम पर आबकारी अधिनियम के तहत धारा-34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आचार संहिता के दौरान पुलिस द्वारा अब तक 785571 रुपये की 5256 लीटर शराब जब्त की गई है।

दिव्यांग मतदाता घर से डाकमत पत्र से कर सकेंगे मतदान

मंडला यशोः- विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें इसके लिए जिले में विशेष व्यवस्थायें की गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपने घर पर ही मतदान करने हेतु (फार्म 12डी) सहमति देने वाले दिव्यांग मतदाता घर से डाकमत पत्र से मतदान कर सकेंगे। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र में जहां रैम्प बनाये गये हैं, वहीं चिन्हित मतदान केन्द्रों पर व्हीलचेयर अथवा ट्राइसाइकिल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए उन्हें विशेष छूट देते हुए तीन पहिया वाहन सीधे मतदान कक्ष तक जाने की अनुमति दी जायेगी। दिव्यांग मतदाताओं को बिना कतार में लगे सीधे मतदान करने की अनुमति भी होगी। मतदान केन्द्रों पर तैनात किये जा रहे मतदान कर्मियों को भी मतदान में दिव्यांगों की सहायता के निर्देश दिए गये हैं। ऐसे मतदाता जिनके पास दिव्यांग मतदाता वाली पर्ची होगी उसे मतदान कक्ष तक ले जाने के निर्देश मतदान कर्मियों को दिये गये हैं। ऐसे मतदान केन्द्रों पर जहां मूक बधिर मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां सांकेतिक भाषा के विशेषज्ञों को नियुक्त किया जायेगा जबकि ऐसे मतदान केन्द्र जहां नेत्रहीन मतदाताओं की संख्या अधिक है वहां ईवीएम और वीवीपेट मशीनों के बारे में मार्गदर्शिका उपलब्ध कराई जाएगी।

ठंड से बचाव के लिये सभी चेक पोस्ट पर पहुंचेगी लकड़ी कलेक्टर और एसपी ने निरीक्षण के दौरान चेक पोस्ट की देखी व्यवस्थाए

मंडला यशोः- कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने शुक्रवार को कटंगी विधानसभा के भ्रमण पर रहे। इस दौरान उन्होंने नेहलेसरा और बोनकट्टा चेक पोस्ट का जायजा लेकर एसएसटी टीम प्रभारी की उपस्थिति सहित पूरी टीम की उपस्थिति तथा सीसीटीवी की लोकेशन और निकलने वाले वाहनों की इंट्री पंजी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने रात में होने वाली समस्याओं के बारे मे जानकारी प्राप्त की। एसएसटी प्रभारी व रात में ड्यूटी पर तैनात रहने वाले कर्मियों ने बताया कि ठंड बढ़ने लगी है। इसलिये आवश्यक व्यवस्थाएं जरूरी है। कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने वन विभाग, जनपद सीईओ तथा जिले के समस्त चेक पोस्ट पर लकड़ी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। यह व्यवस्था जिले के समस्त 15 अंतर्राज्यीय और 9 अंतर्जिला चेक पोस्ट पर उपलब्ध कराई जायेगी। दोनो अधिकारियों के संयुक्त भ्रमण के दौरान सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान एसडीओपी मानक मणी कुमावत, तहसीलदार छवि पंत, जनपद सीईओ दिनेश करपे, कटंगी टीआई मर्सकोले, तिरोड़ी टीआई श्री सेमल्या उपस्थित रहे

जनजातीय लोगो ने मतदान की जागरूकता के लिये किया लोक गायन और नृत्य

बालाघाट। विधानसभा लांजी के वनों से ढ़के मतदान केंद्रो के मतदाताओं को जागरूक करने के लिये मप्र ग्रामीण आजिविका मिशन द्वारा जनजातीय लोकगायन और नृत्य का सहारा लेकर बड़ी सुगमता के साथ मतदान का संदेश दिया गया। विधानसभा के ग्राम पंचायत देवरबेली व बेलगांव के मतदाताओं के जागरूकता के लिये प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली में नारों के साथ जनजातीय लोगो द्वारा मृदंग की संगीत ध्वनि पर लोकगायन और नृत्य करते हुये रैली निकालकर बीजागढ़ होकर ग्राम देवरबेली कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। यहां बैगा नर्तकों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियॉं दी गई। सीईओ जनपद श्री शफी मोह मद कुरैशी ने जानकारी देते हुये बताया कि विधानसभा के प्रत्येक मतदाता तक मतदान दिवस और समय की जानकारी पहुंचाने के लिये कार्यक्रम आयोजित किया गया। रैली और लोकगायन के माध्यम से बताया गया कि 17 नवम्बर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक विधानसभा के 294 मतदान केंद्रो पर मतदान होगा। नर्तको के अलावा प्रावि मावि बीजागढ़ के विद्यार्थियों द्वारा भी मनमोहक प्रस्तुतियों के सहारे मतदाताओं को संदेश दिया गया। इसके अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ ने गीत गाये तथा लोक नर्तको के साथ मृदंग की थाप पर अधिकारी व कर्मचारियों ने भी जम कर नृत्य करते हुये कार्यक्रम में सहभागी हुए। साथ ही स्कूली प्रतिभागियों और नर्तक दलों को शील्ड और मेडल भी प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान किए गए। एनआरएलएम के राजाराम परते ने सभी का आभार व्यक्त किया।

मंडला विधानसभा के मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मंडला विधानसभा हेतु मतदान कराने के लिए गठित दलों का प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान दल के सभी सदस्यों से आपस में समन्वय बनाने तथा एक टीम के रूप में काम करने का आव्हान किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट सहित संबंधित उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने कहा कि सभी मतदानकर्मी निर्वाचन की गंभीरता को समझते हुए सभी कर्मचारी निष्पक्षता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सभी प्रशिक्षणार्थी निर्वाचन की बारीकियों को ध्यान से समझें। उन्होंने मतदान दलों को मतदान दिवस पर अत्यधिक सावधानी बरतने की समझाईश दी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स द्वारा पूर्व प्रशिक्षण के उपरान्त अपनी शंकाओं का समाधान, सावधानियां, ईडीसी एवं पोस्टल बेलेट से मतदान की प्रक्रिया तथा सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया एवं प्रपत्रों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

एक प्रत्याशी को मतदान दिवस के दिन 03 ही वाहनों की दी जायेगी अनुमति

बालाघाट। प्रिंट, इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया में विज्ञापन प्रमाणिकरण के लिये मान्यता प्राप्त दलों को 3 दिन पूर्व और अन्य को 7 दिन पूर्व आवेदन करना होगा चुनाव आबंटन के पश्चात प्रेक्षकों ने प्रत्याशियों के साथ की बैठक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री आर. आनंद कुमार व व्यय प्रेक्षक श्री अतुल पाण्डे ने गत दिवस चिन्ह आबंटन के पश्चात प्रत्याशियों के साथ आयोग के निर्देशों के पालन के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस महत्वपूर्ण बैठक में करीब 25 से अधिक उम्मीदवार व राजनितिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान बालाघाट रिटर्निंग अधिकारी श्री गोपाल सोनी ने जिले के समस्त मतदान केंद्र और मतदाताओं के सम्बंध में सम्पूर्ण जानकारी दी। इसके साथ ही 3-3 व्यय व सामान्य प्रेक्षको तथा 2 पुलिस प्रेक्षको की नियुक्ति के संबंध में अवगत कराया। आरओ श्री सोनी ने पीपीटी के माध्यम से जानकारी देते हुये कहा कि निर्वाचन सामग्री का वितरण और प्राप्ति स्थानीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से 16 नवम्बर को प्रातः 6 बजे से होगा। साथ ही मतदान समाप्ति के पश्चात सामग्री प्राप्ति स्थल भी यही होगा। इसके अलावा जिले की सभी 6 विधानसभाओ के स्ट्रांग रूम भी स्थानीय पॉलिटेक्निक कालेज में बनाये गए है। अभ्यर्थी स्ट्रांग रूम सुरक्षा व व्यवस्था की निगरानी के लिये पॉलिटेक्निक में बने कालेज में बने सुविधा केंद्र में उपस्थित रह सकते है या लिखित में अपने प्रतिनिधि नियुक्त कर सकते है।मतदान दिवस के दिन एक अभ्यर्थी को सिर्फ 3 वाहनों की अनुमति उम्मीदवारों के साथ हुई बैठक में रिटर्निंग अधिकारी श्री सोनी ने प्रचार-प्रसार कार्यो में संलग्न होने वाले वाहनो की अनुमति को लेकर स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि प्रचार वाहनों के लिये कोई भी संख्या निर्धारित नही है लेकिन अनुमति आवश्यक है। साथ ही मतदान दिवस के दिन एक अभ्यर्थी को 3 वाहन, 1 स्वयं को, 1 कार्यकर्ता को और 1 एजेंट को ही अनुमति रहेगी। साथ ही इन वाहनों में 4 सवारियों के अलावा सिर्फ 1 वाहन चालक के लिये ही अनुमतियां दी जाती है। वाहनों में किसी भी अवैध सामग्री का परिवहन निषेध रहेगा। अनुमति दी गई वाहनों की जांच ऐसे एसएसटी या अन्य प्राधिकारियों द्वारा की जा सकती है। वाहनों के समत अनुमतियां मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व स्वतः ही निरस्त हो जाती है।विज्ञापनों का प्रमाणिकरण आवश्यक रिटर्निंग अधिकारी श्री सोनी ने कहा कि किसी भी अभ्यर्थी या राजनितिक दल को प्रिंट, इलेक्ट्रानिक या सोशल मीडिया विज्ञापन प्रसारण या एसएमएस या रिकार्डेड आडियों का पूर्व से ही एमसीएमसी से प्रमाणिकरण आवश्यक हे। इसके लिये आवेदक प्रारूप-ए में मान्यता प्राप्त दलों के अभ्यर्थियो द्वारा 3 दिवस पूर्व तथा अन्य द्वारा 7 दिवस पूर्व आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ विज्ञापन मेटर 2 इलेक्ट्रानिक तथा ट्रांसक्रिप्शन के रूप में प्रस्तुत करना होगा। मतदान समाप्ति समय से 48 घंटे पूर्व पढ़ने वाली अवधि में प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिये 3 दिनों पूर्व आवेदन करना होगा। जबकि 48 घंटे की अवधि में इलेक्ट्रानिक मीडिया में विज्ञापन प्रसारण की अनुमति नही होगी।शिकायत या समस्या निवारण के लिये प्रेक्षकों से कर सकते है सम्पर्क बालाघाट रिटर्निंग अधिकारी श्री सोनी ने निर्वाचन से सम्बंधित निर्देशों को अवगत कराने के पश्चात कहा कि निर्वाचन से सम्बंधित कोई भी समस्या या शिकायत हो तो संबंधित विधानसभा क्षेत्र के व्यय सामान्य प्रेक्षक से सम्पर्क कर सकते है। निर्वाचन आयोग द्वारा दो-दो विधानसभाओं के लिये एक-एक सामान्य प्रेक्षक और एक-एक व्यय प्रेक्षक नियुक्त किये है। बैहर और लांजी के लिये सामान्य प्रेक्षक डॉ. एचपी तु मोड 9424666325, वारासिवनी व कटंगी के लिये सामान्य प्रेक्षक राम दयाल मीणा 9424666390 तथा परसवाड़ा व बालाघाट के लिये सामान्य प्रेक्षक डॉ. आर. आनंद कुमार 9424666748 को नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रेक्षक डॉ. तु मोड़ व श्री मीणा भरवेली रेस्ट हाउस तथा डॉ. कुमार वन विभाग के रेस्ट हाउस में और व्यय प्रेक्षक के रूप में बैहर व लांजी के लिये अदिती शर्मा 9424665532, वारासिवनी व कटंगी के लिये उ मे फरदीना अदील 9424666351 तथा परसवाड़ा और बालाघाट के लिये अतुल पांडे 9424666362 सर्किट हाउस बालाघाट में सुबह 10 बजे से 11 बजे के बीच निर्वाचन कार्य से संबंधित शिकायत या समस्या निवारण के लिये मुलाकात कर सकते है। साथ ही आवश्यक होने पर उनके मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर सकते है।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-
मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297